



## DR. VIJAY SANKESHWAR

Dr. Vijay Sankeshwar is the Chairman of VRL Group. The VRL Group has unmatched standing in the Logistics and Media businesses in India. A first generation entrepreneur with vision, determination and commitment, Dr. Vijay Sankeshwar has demonstrated success in every business undertaking he has ventured into. He is also known for his social work and philanthropy.

2. Born on 2nd August, 1950, Dr. Sankeshwar is a Commerce graduate. Starting his business with a single truck in 1976, Dr. Sankeshwar has been successful in building up an organized pan-India parcel delivery business, a sector which even today remains highly fragmented and unorganized. He also created a history in the vernacular Newspaper space by making his newspaper as the highest circulating Kannada daily, overshadowing the existing publications which have been operating since several decades. VRL Group provides employment to more than 20000 individuals across India.

3. VRL Logistics Limited, the flagship entity of the VRL Group is India's largest Surface Logistics player in the private sector with a track record of successful business operations for over four decades and owns and operates a fleet of nearly 5000 commercial vehicles pan India. The Company is a publicly listed entity and has a network of 920 offices spanning the length and breadth of the country. The Company is also one of the country's biggest private Bus Operators offering overnight point to point services across 6 States in the country with a fleet of 360+ buses of varying models for passenger comfort and safety. The Company also has interests in the Wind Power generation.

4. Dr. Sankeshwar hails from a family that had interests in the printing and publications space. With a past experience in publishing and printing a newspaper, he commenced commercial operations of VRL Media Limited in the year 2012 which publishes “VIJAYAVANI”. The newspaper created history by emerging as the largest circulating Kannada daily within two years of its launch. In 2017, the Company launched “DIGHVIJAY 24 X 7 NEWS”, a regional news channel which boasts of one of the best state-of-the-art studios as also unmatched 3D effects and a host of other technical capabilities for a regional news channel.

5. Dr. Sankeshwar represented the Dharwad (North) constituency in the 11th, 12th and 13th Lok Sabha. He was a member of several high level committees in the Government of India during his tenure as a Member of Parliament. He also was nominated as a Member of Legislative Council to the Karnataka State Legislature during 2008-12.

6. Dr. Sankeshwar is the recipient of several awards, accolades and recognitions such as in 1994, he was honoured with “Udyog Ratna” by the Institute of Economic Studies, New Delhi, “Visveshwaraya Navaratna Award” by the Federation of Karnataka Chamber of Commerce and Industry in 2007, “Transport Samrat” by the All Indian Transport Congress in 2008, “Chanakya Award” by the Public Relations Council of India in 2014. He was conferred upon an Honorary Doctorate by Karnatak University in 2014 for his Business and Social achievements. The Government of Karnataka awarded him with the “Rajyotsava Award” in 2019 for his contribution to several fields. Dr. Sankeshwar has also been conferred several awards in the Logistics and Media Industry.





## डॉ. विजय संकेश्वर

डॉ. विजय संकेश्वर वीआरएल समूह के अध्यक्ष हैं। भारत में लॉजिस्टिक्स और मीडिया कारोबार में वीआरएल समूह का अप्रतिम स्थान है। पहली पीढ़ी के उद्यमी, डॉ. विजय संकेश्वर ने अपनी दूरदृष्टि, संकल्प और कार्यनिष्ठा के बल पर जिस किसी भी उद्यम में कदम रखा, उसी में सफलता हासिल की है। वह अपने सामाजिक और मानवतावादी कार्यों के लिए भी जाने जाते हैं ।

2. 2 अगस्त 1950 को जन्मे, डॉ. संकेश्वर वाणिज्य विषय में स्नातक हैं। 1976 में एक ट्रक के साथ अपना व्यवसाय शुरू करते हुए, डॉ. संकेश्वर अखिल भारतीय स्तर पर सुव्यवथित पार्सल वितरण व्यवसाय खड़ा करने सफल रहे हैं। यह एक ऐसा क्षेत्र है जिसे आज भी अत्यधिक बिखरा हुआ और असंगठित माना जाता है। उन्होंने कई दशकों से प्रकाशित हो रहे मौजूदा अखबारों को पीछे छोड़ते हुए, अपने अखबार को कन्नड भाषा का सबसे अधिक प्रसारित होने वाला अखबार बनाकर इतिहास रच दिया । वीआरएल समूह पूरे भारत में 20000 से अधिक व्यक्तियों को रोजगार प्रदान करता है।

3. वीआरएल समूह की प्रमुख इकाई वीआरएल लॉजिस्टिक्स लिमिटेड, भारत में निजी क्षेत्र की सबसे बड़ी सरफेस लॉजिस्टिक्स कंपनी है, जो चार दशकों से अधिक समय से सफल व्यवसाय का संचालन कर रही है और यह पूरे भारत में लगभग 5000 वाणिज्यिक वाहनों के बेड़े का संचालन करती है। यह सार्वजनिक रूप से सूचीबद्ध कंपनी है और इसके देश के कोने–कोने में फैले 920 कार्यालयों का विशाल नेटवर्क है। कंपनी देश के सबसे बड़े निजी बस ऑपरेटरों में से एक है जो अपने विभिन्न मॉडलों की 360 से अधिक बसों के बेड़े के साथ यात्रियों को आरामदायक और सुरक्षित सेवा सुनिश्चित करते हुए, देश के 6 राज्यों में प्वाइंट टू प्वाइंट रात्रिकालीन सेवाएं प्रदान करती है। कंपनी ने पवन ऊर्जा उत्पादन के क्षेत्र में पदार्पण किया है ।

4. डॉ. संकेश्वर एक ऐसे परिवार से ताल्लुक रखते हैं जिनकी मुद्रण और प्रकाशन के क्षेत्र में अपनी पहचान थी। समाचार पत्र के प्रकाशन और मुद्रण के पिछले अनुभव के साथ, उन्होंने वर्ष 2012 में वीआरएल मीडिया लिमिटेड के वाणिज्यिक संचालन की शुरुआत की जो ''विजयवाणी'' प्रकाशित करता है। इस समाचार पत्र ने अपने शुरू होने के दो साल के भीतर ही सबसे अधिक प्रसारित कन्नड दैनिक समाचारपत्र के रूप में उभरकर इतिहास गढ़ दिया। वर्ष 2017 में, कंपनी ने क्षेत्रीय समाचार चौनल ''दिग्विजय 24 X 7 न्यूज'' की शुरुआत की, जिसे शानदार 3डी प्रभाव और अनेक तकनीकी क्षमताओं के कारण सर्वश्रेष्ठ अत्याधुनिक स्टूडियो का गौरव प्राप्त है ।

5. डॉ. संकेश्वर ने 11वीं, 12वीं और 13वीं लोक सभा में धारवाड़ (उत्तर) निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया। वह संसद सदस्य के रूप में, अपने कार्यकाल के दौरान, भारत सरकार में कई उच्च स्तरीय समितियों के सदस्य रहे। उन्हें 2008–12 के दौरान कर्नाटक राज्य विधानमंडल की विधान परिषद के सदस्य के रूप में भी नामित किया गया था।

6. डॉ. संकेश्वर को अनेक पुरस्कार, उपाधि और सम्मान प्राप्त हैं। उन्हे वर्ष 1994 में इंस्टीट्यूट ऑफ इकनॉमिक स्टडीज, नई दिल्ली द्वारा ''उद्योग रत्न'', 2007 में फेडरेशन ऑफ कर्नाटक चौंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री द्वारा ''विश्वेश्वरैया नवरत्न अवार्ड'', वर्ष 2008 में अखिल भारतीय परिवहन कांग्रेस द्वारा ''ट्रांसपोर्ट सम्राट'', 2014 में पब्लिक रिलेशन्स काउंसिल ऑफ इंडिया द्वारा ''चाणक्य पुरस्कार'' से सम्मानित किया गया। व्यवसाय और सामाजिक क्षेत्र में उपलब्धियों के लिए उन्हें कर्नाटक विश्वविद्यालय द्वारा मानद डॉक्टरेट की उपाधि प्रदान की गई। कर्नाटक सरकार ने कई क्षेत्रों में उनके योगदान के लिए उन्हें 2019 में ''राज्योत्सव पुरस्कार'' से सम्मानित किया। डॉ. संकेश्वर को लॉजिस्टिक्स और मीडिया इंडस्ट्री में भी कई पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है।